an>

Title: Need to provide proper uniform to NCC cadets in Bihar particularly in Nalanda parliamentary constituency.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : नालंदा सहित पूरे बिहार में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) छात्र-छात्राओं के लिए विगत 8 वÂ◌ा◌ा◌ॅं से पोशाक नहीं मिली है। कभी-कभी 10-20 की संख्या में जूता मिल जाता है जबकि हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बिहार शरीफ में 38वीं बिहार बटालियन का एन.सी.सी. कैम्प है, जिसमें नालंदा, नवादा, बाढ़ व बख्तियारपुर के लगभग 2 हजार 5 सौ छात्र-छात्रायें जुड़े हैं।

एन.सी.सी. सेना की लघु इकाई मानी जाती है और सरकार कैडेटों के कैम्प, नाश्ते तथा ट्रेनिंग में भी काफी खर्च करती है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि यथाशीघ्र जांच कराकर उन्हें पोशाक यानी शर्ट, पैंट, पी.टी. जूते, टोपी, मोजा और पी.टी. ड्रेस अतिशीघ्र दिया जाये।